# कार्बन क्रेडिट के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार **कार्बन क्रेडिट** के माध्यम से **किसानों की आय में वृद्धि करेगी,** इसके लिये उन्हें **20 जुलाई,** को वृक्षारोपण अभियान में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित करेगी, जिसमें **35.5 करोड़ वृक्ष** लगाए जाएंगे।

## मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:** उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य कार्बन वित्तपोषण अथवा कार्बन क्रेडिट के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना है।
- **वृक्षारोपण अभियान:** 20 जुलाई को राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षरोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसके दौरान 35.5 करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे।
- **कार्बन क्रेडिट:** किसानों को उनके द्वारा लगाए गए वृक्षों के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन में कमी के आधार पर कार्बन क्रेडिट मिलता है। अवशोषित किये गए प्रत्येक टन कार्बन डाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन के लिये, उन्हें प्रोत्साहन के रूप में वित्तीय लाभ मिलता है।
- **वृक्षों के प्रकार: चिनार, मेलिया, डुबिया** और **सेमल** जैसे तेज़ी से बढ़ने वाले वृक्षों को लगाने से किसानों को कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है।
- **क्रेडिट क्रय:** ये कार्बन क्रेडिट प्रत्येक पाँच वर्ष में छह अमेरिकी डॉलर प्रति क्रेडिट की दर से क्रय जाते हैं
- **लाभार्थी:** पहले चरण में छह मंडलों गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर के किसान कार्बन क्रेडिट से लाभान्वित होंगे।
- **प्रोत्साहन: वर्ष 2024** से **वर्ष 2026** के बीच **25,140** किसानों को **202 करोड़ रुपए** का प्रोत्साहन मिलेगा।
- **विभागवार वितरण:**
  - गोरखपुर: 2,406 किसानों को 34.66 करोड़ रुपए मिलेंगे।
  - बरेली: 4,500 किसानों को 24.84 करोड़ रुपए मिलेंगे
  - लखनऊ: 2,512 किसानों को 21.26 करोड़ रुपए मिलेंगे
  - मेरठ: 3,754 किसानों को 21.67 करोड़ रुपए मिलेंगे
  - मुरादाबाद: 4,697 किसानों को 38.05 करोड़ रुपए मिलेंगे
  - सहारनपुर: 7,271 किसानों को 61.52 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- **अनुमानित कार्बन क्रेडिट:** कुल **42,19,369 कार्बन क्रेडिट** अपेक्षित हैं।
- **भावी चरण:** दूसरे चरण में सात और प्रभाग शामिल होंगे तथा तीसरे चरण का लक्ष्य पूरे राज्य को कार्बन वित्तपोषण के अंतर्गत शामिल करना है
  - **दूसरे चरण** में सात मंडल **देवीपाटन, अयोध्या, झाँसी, मिर्ज़ापुर, कानपुर, वाराणसी** और **अलीगढ़** शामिल होंगे।
  - तीसरे चरण का लक्ष्य पूरे राज्य को **कार्बन वित्तपोषण** के दायरे में लाना है।
- **कार्बन वित्तपोषण** कार्बन उत्सर्जन को एक **मौद्रिक मूल्य** प्रदान करता है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fnhancing-farmers-income-through-carbon-credits